[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-02/5124 2079 विक्रम संवत दिनांक-16.06.2022

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

ग्रीष्म का आतप और पावस का शुभागमन मन को आनंदित कर रहा है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि ग्रीष्मावकाश के पश्चात् एक नई ऊर्जा, उत्साह एवं उमंग के साथ हम सभी अपने कार्यक्षेत्र में लग गये होंगें। आप सभी सपरिवार कुशल एवं आनंद से होंगे।

**ग्रीष्म शरद हिम पावस सुन्दर।**

**ऋतुओं का यह ऋतु कुसुमाकर।।**

**भावार्थ–** गर्मी, जाड़ा, बरसात सुन्दर है उससे अधिक सुन्दर ऋतुराज वसंत है। जो ऋतुओं का भी ऋतु है।

अवकाशोपरांत सभी विद्यालय के विकासार्थ कुछ करणीय कार्य अपेक्षित हैं–

## विषयानुक्रम

**संपन्न कार्यक्रम**

1. प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता
2. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
3. प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता
4. ग्रीष्मावकाश गृहकार्य
5. प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग–2022

**आगामी कार्यक्रम**

1. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
2. क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता
3. क्षेत्रीय चयनित पूर्णकालिक कार्यकर्ता बैठक
4. अर्द्धवार्षिक परीक्षा
5. अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
6. अरुणोदय पत्रिका
7. क्षेत्रीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता
8. प्रांतीय वैदिक गणित प्रशिक्षण
9. गुरुपूर्णिमा उत्सव
10. अ.भा.चयनित पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग
11. विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन

**अन्यान्य**

1. अंकेक्षण एवं मासिक तलपट
2. समिति गठन
3. स्वास्थ्य परीक्षण
4. गतिविधि शुल्क
5. पूर्व छात्र पंजीयन
6. बाल संसद
7. पाठ्यक्रम
8. दायित्व परिवर्तन

## संपन्न कार्यक्रम

1. **प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता :** प्रांत स्तरीय बाल एवं किशोर वर्ग की कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता दिनांक 15 से 17 मई 2022, तक सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ. हेडगेवार नगर, बरवतसेना, बेतिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यालयों की सहभागिता रही। जिसमें कबड्डी बाल वर्ग में 232 भैया–बहन, कबड्डी किशोर वर्ग में 278 भैया–बहन, खो–खो बाल वर्ग में 134 भैया–बहन, खो–खो किशोर वर्ग में 129 भैया–बहनों की सहभागिता रही। संरक्षक आचार्य–50, निर्णायक–25, क्षेत्रीय अधिकारी–01, प्रांतीय अधिकारी–05, व्यवस्थापक आचार्य+कर्मचारी+अन्य–98 सम्मिलित हुए। इस तरह से कुल 952 की संख्या रही।

2. **विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक :** विभाग स्तर पर विभाग प्रमुख द्वारा निर्धारित/संशोधित तिथि के अनुसार विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक मई माह में संपन्न हुई। इस प्रधानाचार्य बैठक में विद्यालय विकास से संबंधित सभी विषयों पर चिंतन–मंथन हुआ। सभी विभागों में लगभग शत–प्रतिशत संख्या रही।
3. **प्रांतीय खेलकूद समारोह :** एथलेटिक्स, कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता (शिशु वर्ग) दिनांक 17 से 19 मई–2022, तक शिवालय सरस्वती शिशु मंदिर, विष्णुपुर, बघनगरी में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यालयों से 326 भैया–बहनों की सहभागिता रही। संरक्षक आचार्य–28, निर्णायक–22, क्षेत्रीय अधिकारी–01, प्रांतीय अधिकारी–05, पूर्णकालिक कार्यकर्ता–07, व्यवस्थापक आचार्य–10 सम्मिलित हुए। इस तरह से कुल 399 की संख्या रही।
4. **ग्रीष्मावकाश गृहकार्य :** ग्रीष्मावकाश 23 मई से 16 जून, 2022 तक निर्धारित है। इस हेतु प्रदेश कार्यालय से सभी विद्यालयों को ग्रीष्मावकाश गृहकार्य पुस्तिका भेजी गयी है। ग्रीष्मावकाश के पश्चात् विद्यालय प्रारंभ होने पर यथोचित ग्रीष्मावकाश गृहकार्य की जाँच अपेक्षित है।
5. **प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग–2022 :** प्रांतीय नवीन आचार्य, कार्यरत आचार्य श्रेणी 'C' एवं 'D', आचार्य सेवा स्थायित्व वर्ग, प्रधानाचार्य विकास वर्ग, लेखा प्रशिक्षण वर्ग एवं सेवा के संच प्रमुखों का प्रशिक्षण दिनांक 25 मई से 13 जून 2022, तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य विकास वर्ग में 29, आचार्य सेवा स्थायित्व वर्ग में 109, नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में 58, कार्यरत आचार्य श्रेणी 'C' एवं 'D' में 81, लेखा प्रशिक्षण वर्ग में 13, संच प्रमुख सेवा कार्यकर्ता कार्यशाला में 17 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस तरह से कुल 307 प्रतिभागी एवं 76 अधिकारी एवं व्यवस्थापक रहे।

   **अखिल भारतीय अधिकारियों में–**

   1. श्री गोविंद चंद मोहंत जी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री
   2. श्री शिवकुमार जी, अखिल भारतीय मंत्री
   3. डॉ. (श्रीमती) मधुश्री साव जी, अखिल भारतीय मंत्री
   4. श्री दिलीप बेतकेकर जी, पूर्व अखिल भारतीय उपाध्यक्ष का मार्गदर्शन मिला।

   **क्षेत्रीय अधिकारियों में–**

   1. श्री रामकुमार जी, सह क्षेत्र प्रचारक
   2. श्री रविशंकर जी, प्रांत प्रचारक, उत्तर बिहार
   3. श्री ख्याली राम जी, क्षेत्रीय संगठन, विद्या भारती, बिहार
   4. श्री नकुल कुमार शर्मा, क्षेत्रीय सचिव, विद्या भारती, बिहार
   5. श्री दिलीप कुमार झा, सदस्य, विद्या भारती, बिहार
   6. डॉ. अजय कुमार, पूर्व क्षेत्रीय सह मंत्री, विद्या भारती, बिहार का मार्गदर्शन मिला।

   **प्रांतीय अधिकारियों में–**

   1. डॉ. सुधाबाला, प्रदेश अध्यक्ष
   2. डॉ. तारण राय, प्रदेश उपाध्यक्ष
   3. डॉ. सुबोध कुमार, प्रदेश मंत्री
   4. श्री अजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष
   5. डॉ. सत्यनारायण गुप्ता, प्रदेश सदस्य
   6. श्री वीरेन्द्र राय, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख
   7. श्री मुकेश नंदन, प्रदेश सचिव
   8. श्री रामलाल सिंह, सह प्रदेश सचिव का मार्गदर्शन मिला।

साथ ही प्रशिक्षण वर्ग को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी पूर्णकालिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय कार्यालय कार्यकर्ताओं का भी मार्गदर्शन मिला। प्रशिक्षण वर्ग के व्यवस्थित संचालन हेतु विभिन्न विद्यालयों से प्रधानाचार्य, आचार्य एवं सेवक का सहयोग मिला।

## आगामी कार्यक्रम

1. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :** दिनांक 21 जून–2022, को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। विद्यालय स्तर पर भैया–बहनों का योग आधारित कार्यक्रम आयोजित हो तथा इसमें पूर्व छात्र, अभिभावक बंधु–भगिनी एवं समाज की भी सहभागिता हो, ऐसी अपेक्षा है। 'करें योग, रहे निरोग' घोष वाक्य का बैनर बनाकर उत्साहपूर्वक योग दिवस का कार्यक्रम मनावें तथा इसी दिन योग दिवस से सबंधित आँकड़ा एवं चित्र इत्यादि प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें। इससे संबंधित पत्रक संलग्न है।
2. **क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता दिनांक 29 एवं 30 जून–2022, को सरस्वती विद्या मंदिर, नरगाकोठी, भागलपुर में आयोजित होगी। इसमें प्रांत स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य इसकी विशेष चिंता कर लेंगे। व्यवस्था शुल्क–रुपये 400+100 प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। कार्यक्रम स्थल पर ससमय उपस्थित हों, ऐसी अपेक्षा है।
3. **क्षेत्रीय चयनित पूर्णकालिक कार्यकर्ता बैठक :** अखिल भारतीय चयनित पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग की तैयारी के दृष्टिकोण से दिनांक 08 जुलाई–2022, के पूर्वाह्न 10 बजे से विद्या भारती, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय पटना में आयोजित है।
4. **अर्द्धवार्षिक परीक्षा :** अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2022–23 प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होने वाली है। भैया–बहनों की संख्या एवं शुल्क प्रदेश कार्यालय में दिनांक 21 जुलाई, 2022 तक तथा विलम्ब दंड के साथ 30 जुलाई, 2022 तक प्रेषित करना है। इस तिथि के बाद प्रश्न पत्रों की आपूर्ति संभव नहीं होगी। परीक्षा आदेश पत्रक lssparikhsha2@gmail.com पर ही प्रेषित करें। अन्य किसी भी माध्यम से आप आदेश पत्रक न भेजें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर सतीश कुमार गुप्ता, मोबाईल–7277153454 पर सूचित करें। परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु कार्य–निर्देशिका–2022–23 को देखें। परीक्षा आदेश पत्रक संलग्न है।
5. **'अरुणोदय' सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :** अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (प्रारंभिक) हेतु संख्या एवं शुल्क दिनांक 21 जुलाई, 2022 तक प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें तथा विलम्ब दंड के साथ 30 जुलाई, 2022 तक प्रेषित करना है।
6. **अरुणोदय पत्रिका :** सत्र–2022–23 हेतु प्रत्येक विद्यालय में पत्रिका दिवस आयोजित कर लिए होंगे। हस्तलिखित चयनित रचनाओं को दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक डाक या कुरियर द्वारा प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें। प्रत्येक रचनाओं पर भैया–बहन के नाम, कक्षा, क्रमांक एवं स्थान अंकित हो तथा प्रधानाचार्य जी अभिप्रमाणित करके ही प्रेषित करें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर श्री धीरेन्द्र झा, परीक्षा प्रमुख, मोबाईल–8102235760 पर सूचित करें।
7. **क्षेत्रीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता :** दिनांक–11 एवं 12 जुलाई–2022, को यह प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर, भूलीनगर, धनबाद में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क–रुपये 400+100 प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। कार्यक्रम स्थल पर ससमय उपस्थित हों, ऐसी अपेक्षा है।
8. **प्रांतीय वैदिक गणित प्रशिक्षण वर्ग :** दिनांक–12 से 16 जुलाई–2022, को यह प्रशिक्षण वर्ग आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रत्येक विद्यालय से वैदिक गणित के आचार्य अपेक्षित हैं।
9. **गुरुपूर्णिमा उत्सव :** आषाढ़ पूर्णिमा दिनांक–13 जुलाई–2022, को है। इस दिन हम सभी

उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनायें। यह दिन हम समर्पण दिवस के रूप में भी मनाते हैं। आदिगुरु वेदव्यास जी एवं तीनों चित्र को सजाकर समर्पण कार्यक्रम करें।

10. **अ.भा.चयनित पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग :** अखिल भारतीय स्तर पर यह अभ्यास वर्ग दिनांक–21 से 25 जुलाई–2022, को महाशय चूनीलाल सरस्वती बाल मंदिर, एस ब्लॉक, हरिनगर, नई दिल्ली में आयोजित है।

11. **विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन :** सभी विभागों में होने वाली समिति सदस्य सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। आगामी तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

## अन्यान्य

1. **अंकेक्षण एवं मासिक तलपट :** प्रत्येक विद्यालय का अंकेक्षण ससमय हो जाए जिसकी एक प्रति प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें साथ ही मासिक तलपट ससमय बनाकर प्रेषित करें।
2. **समिति गठन :** जिन विद्यालयों का समिति कार्यकाल पूर्ण हो गया है, उन सभी विद्यालयों के समिति का पुनर्गठन अनिवार्यरुपेण ससमय हो जाए। यह आवश्यक नहीं, अनिवार्य है।
3. **स्वास्थ्य परीक्षण :** विद्यालय स्तर पर समय से भैया–बहनों का स्वास्थ्य का परीक्षण हो जाए, ऐसी अपेक्षा है।
4. **गतिविधि शुल्क :** प्रदेश निधि को अब हम **''गतिविधि शुल्क''** नाम से जानेंगे।
5. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारे धरोहर हैं। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी को भी अद्यतन करें।
6. **बाल संसद :** विद्या मंदिर स्तर पर भैया–बहनों की नेतृत्व क्षमता के विकास को बढ़ाने के लिए बाल संसद का गठन करना आवश्यक है।
7. **पाठ्यक्रम :** विद्यालय का शैक्षणिक पाठ्यक्रम जिनकी संख्या प्रांत को मिली थी, उन सबको प्रेषित की जा चुकी है। आदेशानुसार ही पाठ्यक्रम की छपाई हुई थी। जिन्होंने पाठ्यक्रम का आदेश नहीं भेजा है, जो लेना चाहते हैं तो संख्या प्रांत को प्रेषित करें। छपाई हेतु विचार किया जाएगा।
8. **दायित्व परिवर्तन :**
   1. श्री फणीन्द्र नाथ, विभाग निरीक्षक, लोक शिक्षा समिति, बिहार से विभाग निरीक्षक, राँची विभाग, विद्या विकास समिति, झारखण्ड में स्थानांतरण हुआ है।
   2. श्री राजेश कुमार रंजन, विभाग निरीक्षक, मुंगेर विभाग, भारती शिक्षा समिति, दक्षिण बिहार से विभाग निरीक्षक, सीवान विभाग, लोक शिक्षा समिति, बिहार में स्थानांतरण हुआ है।

**इस पत्रक को email तथा whatsapp पर भेजी जा रही है। प्रधानाचार्य जी कृपया एक प्रति अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा दूसरी प्रति को अपने आचार्य बंधु–भगिनी के अवलोकनोपरांत इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ-**

***इति शुभम् !***

*भवदीय*

*(मुकेश नंदन)*
*प्रदेश सचिव*